

# ऑस्ट्रेलियाई कपास

ऑस्ट्रेलियाई किसान परिवारों द्वारा
उगाया गया संवहनीय, पता लगाने योग्य कपास



# ऑस्ट्रेलियाई कपास उद्योग




**ऑस्ट्रेलियाई कपास का उत्पादन सैकड़ों स्थानीय समुदायों के लगभग 1,500 किसानों द्वारा किया जाता है. 90% के मालिक खुद परिवार हैं और उनके द्वारा ही संचालित किए जाते हैं.** पहले से कहीं अधिक संसाधनों का प्रयोग करके ये परिवार दुनिया में कपास की एक सर्वोत्तम गुणवत्ता का उत्पादन करते हैं. ये दुनिया के सबसे अधिक क्षमतावान कपास किसान हैं, और पर्यावरण और सामाजिक मापदंडों के उच्च मानकों के साथ संचालन करते हैं.

ऑस्ट्रेलियाई कपास उद्योग एक साथ लगातार सुधार करने के लिए काम करता है. यह कृषि की स्थिति से आगे जाकर शोध, विकास और नवाचारों में बहुत अधिक निवेश करता है. यह एक ऐसा उद्योग है जो संवहनीय, नैतिक कपास उत्पादन के मार्ग में अग्रणी है और इसके लोग ऑस्ट्रेलिया तथा दुनिया भर में,कपास समुदाय के अन्य लोगों की मदद करते हैं.

AUSTRALIAN COTTON





# उत्कृषट गुणवत्ता

ऑस्ट्रेलियाई कपास अधिकांश अन्य कपासों से कहीं अधिक संदूषण मुक्त और सफेद महीन, लंबा और मजबूत होता है. इससे खूबसूरत धागे,कपड़े, वस्त्र और घरेलू सामान बनते हैं और गुणवत्ता समय के साथ और बेहतर होती जाती है. अपने प्राकृतिक चमकदार रंग के कारण ऑस्ट्रेलियाई कपास का प्रयोग अक्सर सफेद उत्पादों में किया जाता है और यह बुने हुए वस्त्रों, डेनिम और उच्च मानक वाले बुने हुए कपड़ों में समान रूप से अच्छी तरह से काम करता है. यह प्राकृतिक सफेदी ऑस्ट्रेलियाई कपास को रंगने और छपाई के लिए सर्वोत्तम बना देता है.

फाइबर की गुणवत्ता को अधिकतम करने के लिए हमारे किसान बीज की बुवाई के समय से लेकर, विकसित और तोड़ने के समय तक इसकी देखभाल करने में कड़ी मेहनत करते हैं. फाइबर की गुणवत्ता को बचाए रखने के लिए वे आधुनिकतम कटाई और ओटाई तकनीक का प्रयोग करते हैं, और संदूषण को न्यूनतम करने के लिए शिपिंग के समय ऑस्ट्रेलियाई कपास को सूती कपड़े में लपेटा जाता है.





## AUSTRALIAN COTTON SUSTAINABILITY FRAMEWORK

# PLANET. PEOPLE. PADDOCK.

ऑसट्रेलियाई कपास विश्व के सर्वोत्तम सामाजिक और पर्यावरणीय मानको के साथ उगाया जाता है जो 25 वर्षों से अधिक समय से पुराने एकस्वैच्छिक प्रमाणन कार्यक्रम दवारा समर्थित है.

myBMP (सर्वोत्तम प्रबंधन अभ्यास) कार्यक्रम में जल प्रयोग करने की क्षमता, मिट्टी के स्वास्थ्य, जैवविविधता, कीटनाशक प्रबंधन, कर्मचारियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा,और जलवायु परिवर्तन के लिए सर्वोत्तम प्रथाएँ शामिल हैं. कार्यक्रम का मिलान बेहतर कपास मानकों के साथ किया गया है और ऑस्ट्रेलिया से प्राप्त होने वाला और भी बेहतर कपास हर साल आपूर्ति श्रृंखला में अपना मार्ग बना रहा है.

PLANET. PEOPLE. PADDOCK. ऑस्ट्रेलियाई कपास उद्योग का संवहनीयता ढांचा है. संवहनीयता की केन्द्रीय भूमिका को स्वीकार करते हुए ढांचा, लक्ष्यों को निर्धारित करता है और आगे सकारात्मक परिवर्तन के लिए एक संयुक्त दृष्टिकोण रखता है.

ऑस्ट्रेलिया के कपास उत्पादको के लिए, दुनिया की सर्वोत्तम प्रथाएं प्रतिदिन की प्रथा है.

---

ऑस्ट्रेलियाई कपास का *my*BMP कार्यक्रम को निम्न के द्वारा मंजूरी प्राप्त है:

better cotton

COTTON LEADS

FORUM FOR THE FUTURE COTTON 2040

Partnership for Sustainable Textiles

Textile Exchange




# प्रभाव मापन

कृषि की प्रथाओं को ही बदलना पर्याप्त नहीं है. ऑस्ट्रेलियाई कपास उद्योग का विश्वास है कि इन परिवर्तनों का परिणाम, राष्ट्रीय पर्यावरण,हमारे कृषि व्यवसायों और हमारे समुदायों पर अर्थपूर्ण सकारात्मक प्रभाव के रूप में होना चाहिए. यही कारण है कि हम समय के दौरान परिवर्तनों को सावधानी पूर्वक मापते हैं.

बेहतर प्राप्त करने को जारी रखने के लिए हमने संवहनीयता लक्ष्य निर्धारित किए हैं. हम हर दस साल में संपूर्ण उद्योग-वार पर्यावरण आडिट्स करवाते हैं और नियमित तौर पर अपनी उन्नति की रिपोर्ट हितधारकों से को देते हैं.


ऑस्ट्रेलियाई कपास की एक गांठ को उगाने के लिए अब जरूरत होती हैः



**97%**
कम कीटनाशक



**50%**
कम पानी



**34%**
कम भूमि

# पता लगाने योग्य,पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखलाएं

ऑस्ट्रेलियाई कपास की हर एक गांठ एक अनोखे बारकोड के साथ आती है जिससे यह गांठ के बारे में यह पता लग सकता है कि यह किस ओटाई मिल से हैं और किस फॉर्म में उगाई गई थी.

Cotton Australia, 100% ऑस्ट्रेलियाई कपास के वास्ते कपास आपूर्ति श्रृंखलाएं स्थापित करने के लिए,आपूर्ति श्रृंखला साझीदारों जिसमें कताई और कपड़ा मिलें,आपूर्तिकर्ताओं और ब्रांड शामिल हैं के साथ काम करता है. संरक्षण और पता लगाने की योग्यता आवश्यकताओं की एक श्रृँखला, आपके कपास को श्रृंखला से जोड़ने तथा उसकी दृश्यता को सुनिश्चित करने में मदद करती है.

आपका कपास कहां से आया है समझकर और स्त्रोत पर विश्वास करने से उसका महत्त्व बढ़ेगा. यही कारण है कि हम वैज्ञानिक विधियों का समर्थन करते हैं जो निःसंदेह ही हमारे ग्राहकों को पूरी तरह से पता लगाने योग्य ऑस्ट्रेलियाई कपास पहुंचाते हैं.



# सच्चाई के साथ कपास

कपास के फॉर्मों के लिए लोग बहुत बड़ी संपत्ति हैं और कपास के उत्पादक अपने स्थानीय समुदायों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ऑस्ट्रेलिया में फॉर्म कर्मचारियों को सुरक्षित रखा जाता है, निष्पक्षता से भुगतान किया जाता है और उनके साथ सम्मानपूर्ण व्यवहार किया जाता है, और हमारे उत्पादक अपने खुद के पैसे का महत्त्वपूर्ण भाग स्थानीय समुदायों में खर्च करते हैं.

ऑस्ट्रेलियन कपास उद्योग का, स्थानीय व्यवसायों को मदद करने और समुदायिक परियोजनाओं को प्रायोजित करने का लंबा इतिहास रहा है.

> 90 प्रतिशत फार्म परिवारिक सम्पत्तियां हैं

> उद्योग प्रति वर्ष लगभग 12,000 लोगों को नियोजित करता है

> 4 ऑस्ट्रेलियाई कपास किसानों में से 1 महिला है



# उपभोक्ता
# कपास पर विश्वास करते हैं



फाइबर बाजार में सिंथेटिक का प्रभुत्व होने के बावजूद,सूत इसका एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है और दुनिया का पसंदीदा प्राकृतिक फाइबर बना हुआ है. इसका कारण यह है कि लोग सूती कपड़ा पहनना पसंद करते हैं. हमारे प्रतियोगी ऐसे कपड़ा बनाने का प्रयास कर सकते हैं जो सूती जैसे दिखते हों या फिर इसकी नकल कर सकते हैं लेकिन असली चीज का स्थान कोई नहीं ले सकता. उपभोक्ता आमतौर पर सूती कपड़े को गुणवत्ता, संवहनीयता और सुविधा से जोड़ते हैं. उन्हें प्राकृतिक, संवहनीय उत्पाद खरीदना पसंद है जिसे उनके भरोसेमंद किसानों द्वारा उगाया गया हो. नये नवोन्मेश का अर्थ है कि कपास के साथ और भी कुछ किया जा सकता है जो पहले नहीं हुआ.

प्रकृतिक तथा नवीकरणय टिकाऊ तथा बहुउददेशीय ठंडा तथा मुलायम


**“75% उपभोक्ताओं का कहना है कि कपास जैसे प्राकृतिक फाइबर से बेहतर गुणवत्ता के कपड़े बनते हैं”**



# किसान द्वारा उगाया गया फैक्ट्रियों से नहीं

जब आप कपास को अपने व्यवसाय में लाते हैं, तो आप दुनियाभर के लाखों किसानों की जीविका को सहारा दे रहे होते हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के 1,500 ग्रामीण परिवार शामिल हैं. हर एक की एक शानदार कहानी है जो उपभोक्ताओं को उनके कच्चे माल की उत्पत्ति के साथ जोड़ती है. यही वे परिवार हैं जो कपास को अलग बनाते हैं.

कपास का चयन,से न केवल हमारी नदियों और महासागरों पर फैशन के हानिकारक प्रभाव को कम से कम करने में मदद मिलती है, बल्कि यह अनगिनत परिवारों और समुदायों का भी सहारा बनता है,
जिनकी जीविका कपास पर निर्भर है.



# कपास पर गांठ बांधना

चक्रीय अर्थव्यवस्था में कपास का एक प्रकृतिक स्थान है. यह प्राकृतिक रूप से जैवनिम्नीकारक, नवीनीकरणीय है और पुनः चक्रित करने योग्य है और इसके साथ माइक्रोप्लास्टिक समस्याएं भी नहीं है जो कि सिंथेटिक फैब्रिक के साथ होती है जो कि पर्यावरण में सैकड़ों साल तक बना रह सकता है.

कॉटन ऑस्ट्रेलिया वस्त्र उद्योग से उत्पन्न होने वाले कचरे का समाधान प्राप्त करने के लिए वस्त्र उद्योग के साथ काम कर रही है, जिसका खास लक्ष्य कपास को हमारे फॉर्मभूमि में वापस पहुंचाना है जहां से इसकी शुरुआत हुई थी.

जो ब्रांड चक्रीय व्यवस्था चाहते हैं, उनके लिए कपास, शुरुआत करने के लिए एक शानदार उत्पाद है.



# ऑस्ट्रेलियाई कॉटन की यात्रा **का एक भाग बनना चाहते हैं?**

हम ब्रांड्स,खुदरा व्यापारियों और आपूर्ति श्रृंखला साझीदारों के साथ काम करते हैं जो हमारे मान्यताएं साझा करते हैं....

## असाधारण गुणवत्ता संवहनीय.
## नवपरिवर्तन करना सफल.
## सामाजिक रूप से जागरुक. महत्त्वाकांक्षी.

हम ब्रांड्स,खुदरा व्यापारियं और उत्पादकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी करने में दिलचस्पी रखते हैं जो सभी सही कारणों के लिए ऑस्ट्रेलियाई कपास को अपनी स्त्रोत रणनीति का एक अभिन्न हिस्सा बनाना चाहते हों. हम उन संबंधों की कद्र करते हैं जो विचारों, व्यापार और लोग जो खूबसूरत उत्पादों को विकसति करते है, कपास के साथ नए तरीके ढूढते हैं और हमारी चुनौतियों का समाधान मिलकर खोजते हैं को जोड़ते हैं.



# आप क्या कर सकते हैं

- अपेने उत्पादों में आस्ट्रेलियाई कपास का उपयोग करें
- ऑस्ट्रेलियाई कपास को अपनी दीर्घावधि आपूर्ति रणनीति का एक हिस्सा बनाएं
- आस्ट्रेलियाई कपास और/या आस्ट्रेलिया से *my*BMP कपास को अपनी "संवहनीय कपास" की परिभाषा में शामिल करें'
- शोध, संवहनीयता और अन्य परियोजनाओं में एक साथ सहयोग करें
- हमारे उन ब्रांड्स के बढ़ते हुए नेटवर्क का हिस्सा बनें जो एक साथ मिलकर संवहनीयता के मुद्दे का सामना कर रहे हैं
- बेहतर कपास का एक सदस्य बनें
- Cotton LEADS™ कार्यक्रम में शामिल हों
- हमारे फॉर्म दौरा कार्यक्रम और अन्य वचनबद्ध कार्यक्रमो के साथ आएं- अपने कच्ची सामग्री और उन्हें उगाने वाले लोगों के करीब आएं
- अपने ऑस्ट्रेलियाई कपास उत्पादों पर ऑस्ट्रेलियाई कॉटन मार्क्स का उपयोग करने के लिए आवेदन करें



# हम क्या प्रदान करते हैं

- आश्वासन कि आपका कपास उच्चतम पर्यावरण और सामाजिक मानदंडों के साथ उगाया गया था
- ऑस्ट्रेलियाई कपास आपूर्ति श्रृंखलाएं स्थापित करने में मदद करना
- ऑस्ट्रेलियाई कपास की गांठों पर ट्रेसेबिलिटी जांचें
- ऑस्ट्रेलियाई कपास की कहानी सुनाने के लिए बहुत सारा शानदार कंटेट और विपणन सहयोग
- वेबनियर्स और समूह सत्रों सहित आपके स्टाफ के लिए प्रशिक्षण
- और भी बेहतरीन सामान के लिए अन्य ब्रांड्स और NGO के साथ सहकार्यता

# अपने उत्पादों की ब्रांडिंग
# AUSTRALIAN COTTON मार्क के साथ



**ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क**
कम से कम 95% ऑस्ट्रेलियाई कपास वाले उत्पादों पर उपयोग किया जाता है.

**ऑस्ट्रेलियन कपास ब्लेंड मार्क**
कम से कम 60% ऑस्ट्रेलियाई कपास वाले उत्पादों पर उपयोग किया जाता है. ऑस्ट्रेलियन कपास को किसी अन्य मूल के फाइबर या कपास के साथ मिश्रित किया जा सकता है.

## ऑस्ट्रेलियाई कपास ब्रांड जो हमारा प्रतीक चिह्न है

ऑस्ट्रेलियाई कपास ब्रांड हमारे किसानों और हमारे उद्योग की मान्यताओं पर बनाया गया है ... स्वाभाविक रूप से ऑस्ट्रेलियाई और उनकी गुणवत्ता, पता लगाने की क्षमता और उच्चतम पर्यावरण और सामाजिक मानकों का प्रतिनिधित्व करता है.

यह ब्रांड ऑस्ट्रेलिया के कपास किसान परिवारों का प्रतिनिधित्व करता है जो हमारे ग्रह की देखभाल करते हुए और पहले से कहीं कम प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करते हुए विश्व में कुछ बेहतरीन, स्वच्छ कपास फाइबर का उत्पादक फसलों का रोपण और पोषण करते हैं.

## ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क्स

ऑस्ट्रेलियन कपास मार्क्स कपास ऑस्ट्रेलिया से संबंधित हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के कपास उगाने वाले उद्योग का चिह्न है. चिह्न उन उपभोक्ताओं के लिए पहचानने योग्य प्रतीक बन गए हैं जो ऑस्ट्रेलियाई किसानों का समर्थन करने वाले स्थायी रूप से विकसित उत्पाद चाहते हैं. ये चिह्न ऑस्ट्रेलियाई कपास को सोर्स करने वाले चेन पार्टनर्स की आपूर्ति के लिए नि:शुल्क उपलब्ध हैं और जो कपास ऑस्ट्रेलिया की जरूरत को पूरा करता है.

## इन मार्क्स का उपयोग कौन कर सकता है?

**ब्रांडों और खुदरा विक्रेताओं के लिए** ऑस्ट्रेलियाई कपास के निशान का उपयोग ऑस्ट्रेलियाई कपास की आवश्यक मात्रा वाले तैयार उत्पादों को पहचानने और बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है.

**कताई और कपड़ा मिलों के लिए** ऑस्ट्रेलियाई कपास के चिह्न का उपयोग यार्न और कपड़े को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है जिसमें ऑस्ट्रेलियाई कपास की आवश्यक मात्रा होती है.

## आवेदन कैसे करें

ऑस्ट्रेलियाई कपास मार्क्स का उपयोग करने के लिए आवेदन करने के लिए, ब्रांड, खुदरा विक्रेताओं और ऑस्ट्रेलियाई कपास उत्पादों, यार्न और कपड़े के निर्माताओं को यह करना होगा:

- सुनिश्चित करें कि ऑस्ट्रेलियाई कपास को हर निर्माण अवस्था में अलग रखा जाता है
- ऑनलाइन आवेदन करें
- न्यूनतम-आवश्यकता पता लगाने योग्य साक्ष्य प्रदान करें

ऑस्ट्रेलियन कपास से बने प्रत्येक नए उत्पाद के लिए एक नए आवेदन जरूरी है.

## स्वीकृत आवेदक

एक बार आवेदन स्वीकृत होने के बाद, आवेदकों को यह करना आवश्यक है:

- ऑस्ट्रेलियन कपास मार्क्स को पुन: पेश करने की अनुमति देने वाले लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर करें
- अनुमोदन के लिए ऑस्ट्रेलियाई कपास के चिह्न वाली कोई कलाकृति या मार्केटिंग सामग्री जमा करें
- कपास ऑस्ट्रेलिया को तैयार उत्पादों का एक नमूना भेजें

अनुमोदन पर, ऑस्ट्रेलियन कपास मार्क्स का उपयोग नि:शुल्क है.

## स्विंग टैग और मार्केटिंग सामग्रियां

ग्राहकों को ऑस्ट्रेलियाई कपास की कहानी बताने में मदद के लिए स्विंग टैग के लिए कलाकृति उपलब्ध है. यह नि:शुल्क प्रदान किया जाता है.




## अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए या आवेदन पत्र के लिंक प्राप्त करने के लिए, कृपया cotton2market@cotton.org.au पर ईमेल करें या **www.australiancotton.com.au** पर जाएं.

**अधिक जानकारी**

www.australiancotton.com.au

cotton2market@cotton.org.au

**कॉटन ऑस्ट्रेलिया को यहां पर फॉलो करें**

AUSTRALIAN COTTON